# बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर मांगी दीर्घायु

## शहर में बहन और भाई के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन धूम धाम से मनाया गया



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 अगस्त. बहन और भाई के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम व आत्मीयता के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन के त्योहार पर बहनों ने अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर शुभाशीष दिया।**

राखी बांधने व बंधवाने का क्रम सुबह से शुरू होकर देर रात तक जारी रहा। भाई के घर पहुंची बहनों ने अपने भाई को तिलक लगाकर राखी बांधकर यशस्वी जीवन तथा दीर्घायु होने का आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा के तहत रक्षा बंधन के अवसर पर महंत, पंडित, पुजारियों ने भगवान की प्रतिमाओं को भक्तिभाव के साथ सर्वप्रथम रक्षासूत्र बांधकर सुख समृद्धि की कामना की। इसी तरह घरों में भी सभी लोगों ने पहले भगवान को रेशम की राखी बांधकर उसके बाद परिवार के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाया। छोटे बच्चों में विशेष उत्साह रहा।

### बच्चों में रहा उमंग और उत्साह

रक्षाबंधन पर्व को लेकर अमीर गरीब छोटी बड़ी कालोनियों, झुग्गी बस्ती क्षेत्रों, छोटे बच्चों,बड़े बुजुर्गों सभी में इस त्योहार के अवसर पर उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। यह क्रम दूसरे दिन भी भुजरिया के अवसर पर जारी रहेगा।

### बस और ट्रेन में देखी गई खचा खच भीड़

आज के दिन बहन अपने भाई के घर राखी बांधने जाती है. बीते दिवस से देखा जा रहा है कि रक्षाबंधन होने पर बहने अपने घर जा रही है तो शहर से बाहर रहने वाले भाई भी अपने घर लौटते दिखाई दिए. इस के चलते बस और ट्रेने खचाखच भरी दिखाई दी। मुख्य त्योहार के अवसर पर भी ट्रेन तथा बसों में महिलाओं का आना लगातार जारी था। कई बहने अपने निजी वाहनों से भाई के घर पहुंची। राखी बांधने का क्रम शाम को ज्यादा रहा।

### हिन्दु और मुस्लिम बहनों से सांसद ने बंधवाई राखी



सांसद बंटी विवेक साहू ने रक्षा बंधन के पावन अवसर पर कुसमेली टेकड़ी, पुराना बैल बाजार एवं प्रथम विहार कालोनी में आयोजित रक्षाबंधन के कार्यक्रमों में हिन्दु और मुस्लिम बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर उनका आर्शीवाद लेते हुए बहनों और भांजियों को सगुन के तौर पर उपहार भी दिए। कार्यक्रम मे पहुंचे सांसद श्री साहू ने सर्वप्रथम कार्यक्रमों में मौजूद बहनों पर पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने मुस्लिम बहनों के घरों में जाकर भी राखी बंधवाई और उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रमों के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार महाभारत काल में द्रौपदी ने भगवान श्रीकृष्ण को राखी बांधी थी और अपनी रक्षा का वचन लिया था, भगवान श्रीकृष्ण ने भी द्रौपदी को रक्षा का वचन दिया था। उन्होंने कहा कि ठीक इसी तरह आज में अपनी बहनों से राखी बंधवाकर उनकी रक्षा का वचन देता हूँ। सांसद बंटी विवेक साहू ने पुराना बैल बाजार में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर मुस्लिम बहनों से राखी बंधवाकर उनसे भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जिला जेल में बंदियों को बहनों बांधी राखी

रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आज प्रात: 08 : 30 बजे से शाम 04 :30 बजे तक जिला जेल छिंदवाड़ा में निरुद्ध बंदी भाइयों एवं बहनों को उनकी बहनों एवं भाइयों से जेल के अंदर राखी बांधने के लिये खुली मुलाकात दी गई। जिला जेल अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान जेल में निरुद्ध 351 बंदी भाइयों/बहनों से मिलने के लिए उनकी 893 बहनों/भाइयों एवं 308 बच्चों को रक्षाबंधन त्योहार मनाने के लिये जेल के अंदर बैठाकर खुली मुलाकात दी गई। रक्षाबंधन के लिए आवश्यक सामग्री जैसे- राखी, मिठाई, श्रीफल, रूमाल आदि जेल से ही उपलब्ध कराए गए। इनमें से राखियां जेल में परिरुद्ध महिला बंदियों द्वारा ही निर्मित की गई थीं। किसी भी प्रकार की बाहरी सामग्री को जेल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। संपूर्ण मुलाकात के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। मुलाकात के बाद 676 पुरुष एवं 43 महिला, कुल 719 बंदी एवं 03 बच्चे का लॉकअप सकुशल बंद किया गया।

### वाहन चालकों ने उठाया फायदा

*बीते दो दिनों से बसों और ट्रेन में भीड़ दिखाई दे रही है. ट्रेन में एसी कोच और स्लीपर कोच की सभी सीटे फुल रही जिसके चलते लोगों को बस सहित अन्य वाहनों में सफर करना पड़ा। इस बात का फायदा उठाकर कुछ बस चालकों ने किराया बढ़ा दिया. सुविधां देने के एवज में लोगों से अधिक किराया तक वसूल किया गया।*

### खूब बिकी मिठाइयां

पर्व के अवसर पर मिठाई विक्रेताओं ने अपनी दुकानें खूब सजाई हैं। दुकान के सामने टेंट लगा रखें हैं। त्योहार के अवसर पर हर परिवार में मिठाई खरीदी जाती है। शहर में दिन भर मिठाई की दुकान पर खूब खरीददारी होती रही। कई परिवारों में घर में ही मिठाइयां बनाई गई। रक्षाबंधन के अवसर पर एक दूसरे को शुभकामनाएं देने का दौर दिन भर जारी रहा। हर परिवार में हंसी खुशी के माहौल में पर्व मनाया गया। वर्तमान व्यस्तताओं भरी जिंदगी में राखी बांधने के बाद कई बहने अपने घर की ओर रवाना होने लगी हैं। कुछ भाई भी एक दिन का अवकाश लेने के बाद अपने कार्य स्थल की ओर लौटने लगे हैं।

# भूमका घाटी में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक

## ट्रक में फसे ड्राइवर-कंडक्टर को राहगीरों ने ट्रक का कांच तोड़कर निकाला बाहर



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 अगस्त.** अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूमका घाटी में एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया हादसे में ट्रक में सवार ड्राइवर और कंडक्टर घायल हो गए दुर्घटना के बाद दोनों ट्रक के अंदर फंस गए थे मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का कांच तोड़कर दोनों घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए अमरवाड़ा सिविल अस्पताल पहुंचाया जानकारी के अनुसार कंटेनर छिंदवाड़ा से अमरवाड़ा की ओर जा रहा था .

इसी दौरान भूमका घाटी में अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे में ड्राइवर को गंभीर चोटें आने की जानकारी सामने आई है जबकि कंडक्टर भी घायल हुआ है दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. ट्रक पलटने के बाद ड्राइवर और कंडक्टर वाहन के अंदर फंस गए थे मौके पर मौजूद राहगीरों ने बिना देर किए कंटेनर का कांच तोड़ा और दोनों को बाहर निकाला इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को अमरवाड़ा सिविल अस्पताल भेजा गया जहां उनका उपचार जारी है।



## जिले में अभी तक 653.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिंदवाड़ा,28 अगस्त.** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 653.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 811 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 28 अगस्त 2026 को प्रात- 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 10.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 28 अगस्त 2026 को प्रात- 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील छिंदवाड़ा में 2.8, माहेखेड़ में 10.5, तामिया में 25, हर्रई में 01, परासिया में 12, जुन्नारदेव में 37.2 और उमरेठ में 28.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 383.2, मोहखेड़ में 490, तामिया में 794.2, अमरवाड़ा 630.4, चौरई में 688.2, हर्रई में 919.4, बिछुआ 527.1, परासिया में 479.5, जुन्नारदेव में 679.6, चांद में 696.3 और उमरेठ में 772.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# गर्भवती महिला की मौत के परिजनों ने लगाए गंभीर



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 अगस्त. अमरवाड़ा क्षेत्र में आठ माह की गर्भवती 22 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना करने और गर्भावस्था के दौरान समुचित उपचार नहीं कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं.**

मामले में मौत की वास्तविक वजह सामने लाने के लिए शुक्रवार को जिला अस्पताल में तीन डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया जा रहा है मृतका के भाई सतीश वर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि उनकी बहन क्रांति वर्मा की शादी वर्ष 2025 में अमरवाड़ा क्षेत्र के धसनवाड़ा गांव निवासी चंचलेश वर्मा के साथ रीति-रिवाज से हुई थी परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद तक स्थिति सामान्य रही लेकिन इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग क्रांति को प्रताड़ित करने लगे परिजनों के मुताबिक क्रांति आठ माह की गर्भवती थी 26 अगस्त को तबीयत खराब होने पर उसे अमरवाड़ा के शिविर अस्पताल ले जाया गया था जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई गुरुवार शाम अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे दोबारा अमरवाड़ा अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया क्रांति की मौत की सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचे परिजनों ने अमरवाड़ा में पोस्टमार्टम कराने के बजाय जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने की मांग की । उनका कहना था कि मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होनी चाहिए ताकि यदि किसी प्रकार की लापरवाही या अपराध सामने आता है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

# कांग्रेस के लिए सनातन आस्था और भाजपा के लिए राजनीति का विषय है : कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 अगस्त. कांग्रेस के लिए सनातन धर्म आस्था का विषय है। कांग्रेस धर्म को राजनीति के मंच पर नहीं लाती और राजनीति को धर्म के मंच पर लेकर नहीं जाती, लेकिन यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष नहीं समझ सकते।**

भाजपा सनातन सनातन कहकर देश को धर्म, जाति और वर्ण के आधार पर बांट रही है। उक्त उदगार कांग्रेस के जिला प्रवक्ता नितिन उपाध्याय ने भाजपा जिला अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए व्यक्त किए। जारी बयान में उन्होंने कहा कि कांवड यात्रा आस्था का विषय है, उस पर भी भाजपा को राजनीति सूझ गई, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा के लिए सनातन आस्था का नहीं बल्कि राजनीति का विषय है। हर बात और कार्यक्रम को राजनीतिक रंग देने वाली भाजपा ने अपने गिरेबां में नहीं झांका। भगवान के नाम पर देशभर में लूट मचाने वाले सनातन का झूठा राग अलाप रही है। भाजपा के भ्रष्टाचार ने भक्त की बात तो दूर भगवान को भी नहीं छोड़ा वह सनातन की बात कर रही। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता ने जारी बयान में आगे कहा कि देश के मंदिरों की सुरक्षा और उनके चाढवा कांग्रेस के कार्यकाल में कभी चोरी नहीं हुआ, लेकिन भाजपा के आते ही देश के मंदिरों से चोरी होना आम बात हो गई। दुर्भाग्य देखिए की भाजपा को पश्चयाताप करने की बजाए भाजपाई धार्मिक आयोजनों पर बयानबाजी करने से नहीं चूक रही। जारी बयान के अंत में श्री उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस आयोजन करती है सर्वकल्याण की भावना से और भाजपा राजनीतिक लाभ लेने के लिए, इसका सबसे बड़ा प्रमाण है कांग्रेस की कांवड यात्रा पर भाजपा जिला अध्यक्ष का बयान और उसमें भी राजनीतिक बयान जिसकी आलोचन कोई भी धार्मिक व आस्थावान व्यक्ति कर रहा है।

# जुआ फड़ से नगदी रकम सहित दोपहिया वाहन जब्त

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 अगस्त. उमरानाला पुलिस ने क्षेत्र में चल रहे जुआ फड़ में दबिश देकर पांच जुंआरियों को दबोच लिया और नगदी रकम सहित दोपहिया वाहन सहित मोबाइल जब्त किया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि क्षेत्र में जुआ फड़ का संचालन किया जा रहा है जिसके बाद पुलिस ने उक्त स्थान पर दबिश देकर जुआ खेल रहे पांच लोगों को दबोच लिया और दाव पर लगे 2650 रुपए , ताश के पत्ते जब्त कर लिए वहीं जुआ फड़ के पास खड़े 6 दोपहिया वाहन और उनके पास रखे मोबाईल जब्त किया है. पुलिस ने पकड़े गए सभी जुंआरियों के खिलाफ जुआ सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की है. उक्त कार्रवाई में उमरानाला चौकी प्रभारी राजेश साहू ,सउनि प्रमोद दीक्षित ,प्रआर चालक राजेश बैस ,आरक्षक राकेश कुमरे ,आरक्षक वीरू गुर्जर शामिल रहे.

## नवगठित छात्र परिषद के छात्र-छात्राओं को सौंपे गए दायित्व

**छिंदवाड़ा,28 अगस्त.** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा की दोनों पालियों में पृथक-पृथक नवगठित छात्र परिषद के लिए गत दिवस भव्य 'अलंकरण समारोह' का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में सत्र 2026-27 के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को उनके नए पदों और कर्तव्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह के दौरान प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर ने चयनित छात्र-छात्राओं को बैजेस पहनाए, शैश धारण कराए और विद्यालय का आधिकारिक ध्वज सौंपकर उन्हें आधिकारिक रूप से दायित्व प्रदान किए। प्रथम पाली से 12वीं कॉमर्स की निधि पवार और साइंस के अनुराग पवार के साथ ही द्वितीय पाली से कक्षा 10वीं की गार्गी चड्ढा एवं अथर्व त्रिपाठी को स्कूल कैप्टन चुना गया। प्रथम पाली से नैंसी कुमरे और अनुज पहाड़े, जबकि द्वितीय पाली से निहालिका डोहले एवं जीत भारती को स्पोर्ट्स कैप्टन चुना गया।

## तीर्थ यात्रा के लिए मथुरा-वृन्दावन के लिए 30 अगस्त को विशेष ट्रेन होगी रवाना

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 अगस्त. छिंदवाड़ा. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से चयनित तीर्थ यात्रियों को मथुरा-वृन्दावन तीर्थ यात्रा पर भेजने के लिए 30 अगस्त से 02 सितम्बर तक की समय-सारणी निर्धारित की गई है। योजना के तहत विशेष ट्रेन 30 अगस्त 2026 रविवार को प्रात: 11: 00 बजे छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।**

इसके लिए चयनित तीर्थ यात्रियों की सूची संबंधित जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों को पूर्व में उपलब्ध कराई जा चुकी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी चयनित तीर्थ यात्रियों को 30 अगस्त 2026 रविवार को प्रात: 10:00 बजे तक छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन में उपस्थित कराना अनिवार्य होगा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा यात्रियों को रेलवे स्टेशन तक लाने एवं विशेष ट्रेन में बैठाने की समस्त व्यवस्था एवं दायित्व आयुक्त नगर निगम छिन्दवाड़ा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सौंपे गये हैं।

# रक्षाबंधन त्योहार को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग जब्त किए खाद्य सामाग्री के नमूने



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 अगस्त. रक्षाबंधन त्योहार के चलते आमजन को सुरक्षित एवं बिना मिलावट के खाद्य पदार्थ और मिठाइयां उपलब्ध हो सकें, इसके लिए खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की 04 टीमों द्वारा लगातार सभी तहसीलों सहित सम्पूर्ण जिले में निरीक्षण कर नमूना कार्य किया जा रहा है।**

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोपेश मिश्रा द्वारा बीते दिवस उमरानाला क्षेत्र में मधुर स्वीट्स, पंकज स्वीट्स, पवार स्वीट्स एवं मोहखेड़ क्षेत्र में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर नमूने संग्रहित किए गए। इसी प्रकार सांवरी क्षेत्र में बीकानेर मिष्ठान भंडार से मिठाइयों के नमूने संग्रहित किए गए। परासिया में सांई स्वीट्स, बालाजी स्वीट्स, रंगजी स्वीट्स, पंकज स्वीट्स एवं गुप्ता स्वीट्स से मिठाइयों एवं खोवा के नमूने लिए गए। 27 अगस्त 2026 को छिंदवाड़ा के गरबा स्वीट्स, न्यू बनारसी स्वीट्स एवं वैशाली राजपुरोहित से खोवा, मावा एवं मिठाइयों के नमूने संग्रहित किए गए। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री संध्या मार्को द्वारा पांडुपिपरिया क्षेत्र में केपिटल होटल, श्री सीताराम किराना एवं हर हर नर्मदे होटल से जलेबी, नमकीन, लस्सी, मुनक्का, बालूशाही आदि के नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार घाघरे द्वारा 25 अगस्त 2026 को चौरई क्षेत्र के राजस्थान मिष्ठान भंडार, श्री राजपुरोहित मिष्ठान भंडार, जैन होटल एवं गुप्ता मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर नमकीन, मिठाई, सेव एवं जलेबी के नमूने लिए गए। इसी तरह 26 अगस्त 2026 को अमरवाड़ा क्षेत्र में सांई मिष्ठान भंडार, अनुराधा मिष्ठान भंडार, भूरा भगत मिष्ठान भंडार, जैन होटल एवं महालक्ष्मी बीकानेर स्वीट्स से मिठाई, पेड़ा एवं नमकीन के नमूने संग्रहित किए गए। 27 अगस्त 2026 को चांद क्षेत्र में बीकानेर मिष्ठान भंडार, यादव होटल, गुप्ता होटल एवं ताज होटल से मोतीचूर लड्डू एवं सादी वर्फी के नमूने संग्रहित किए गए।

# सैकड़ों वर्षों से भुजलिया उत्सव की परंपरा है जीवित

## धार्मिक परंपरा से जुड़ी पौराणिक मान्यता, शौर्य स्मृति का प्रतीक पर्व



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,28 अगस्त. आज जब वैश्वीकरण के दौर में पारंपरिक उत्सवों की चमक फीकी पड़ रही है, तब भी छिंदवाड़ा में भुजलिया उत्सव अपनी मौलिकता, ऐतिहासिकता और सामाजिकता के साथ जीवंत है।**

यह न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी है। भुजलिया उत्सव, जो प्रतिवर्ष भाद्रपद कृष्ण पक्ष की एकम तिथि को सम्पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भुजलिया उत्सव का संबंध सीधे रक्षाबंधन पर्व से है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान श्रीहरि विष्णु ने दैत्यराज बलि को वचन दिया कि वे उसके साथ पाताल लोक में निवास करेंगे, तब देवी लक्ष्मी ने रक्षा सूत्र बांधकर बलि से श्रीहरि को मुक्त कराया। इसी घटना को रक्षाबंधन का मूल कहा जाता है, जिसमें वचनबद्धता, विश्वास और रक्षा का भाव निहित है।

छिंदवाड़ा में यह उत्सव केवल धार्मिक न होकर वीरता और आत्म-सम्मान की कहानी भी कहता है। 12वीं शताब्दी में वीर ऊदल द्वारा पृथ्वीराज चौहान की सेना को पराजित कर अपनी बहन चन्द्रावली की रक्षा करना, हमारे समाज की उस बहादुरी की मिसाल है जो बहन के मान और सम्मान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने से भी पीछे नहीं हटती। इसी शौर्य गाथा की स्मृति में यह पर्व छोटी बाजार छिंदवाड़ा में भुजालिया के रूप में मनाया जाता है।

### सदियों पुरानी परंपरा, आधुनिक स्वरूप

छिंदवाड़ा में सैकड़ों वर्षों से भुजलिया उत्सव की परंपरा जीवित है। वर्ष 1978 से यह उत्सव सार्वजनिक रूप में आयोजित किया जाने लगा, जिसकी शुरूआत श्री बड़ी माता मंदिर, छोटी बाजार से होती है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु भुजलिया लेकर एकत्र होते हैं और शोभायात्रा, लोकगीतों, भजन-कीर्तन एवं भुजलिया विसर्जन के साथ इस आयोजन को सम्पन्न करते हैं। क्षेत्र के वरिष्ठों द्वारा उत्सव की तैयारियों के साथ ही युवाओं को युद्ध कला की बारीकियों से अवगत कराया जाता है। यह प्रशिक्षण न केवल आत्मरक्षा के लिए वरन देश हित के लिए भी आवश्यक है।

### उत्सव में छिपा है लोक की आत्मा का गर्व

भुजलिया महज एक अनुष्ठान नहीं, वह लोक की आत्मा है। वह भाव है, जिसमें बहन की रक्षा, वीरता की स्मृति, परंपरा की पुन:स्थापना और सामाजिक सौहार्द की सुगंध बसी हुई है। छिंदवाड़ा वासियों के लिए यह उत्सव गर्व की बात है और हर वर्ष इसे पूरी श्रद्धा व गरिमा के साथ मनाना, हमारी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक सौंपने का उत्तरदायित्व है। सार्वजिक भुजालिया समिति को यह गर्व है कि वह इस ऐतिहासिक परंपरा को सहेजने और प्रस्तुत करने का माध्यम बनी है। संस्कृति की जड़ें जितनी गहरी होती हैं, समाज उतना ही दृढ़ होता है। भुजलिया उत्सव हमारी जड़ों से जुड़ने का उत्सव है।


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours
B.C.A. M.Sc. CS
B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140 www.ipschw.com



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589